


# दुःख का अधिकार

## भाग 1

## लेखक : यशपाल

# लेखक परिचय

यशपाल का जन्म फिरोजपुर छावनी में सन् 1903 में हुआ। इन्होंने आरंभिक शिक्षा स्थानीय स्कूल में और उच्च शिक्षा लाहौर में पाई। यशपाल विद्यार्थी काल से ही क्रांतिकारी गतिविधियों में जुट गए थे। अमर शहीद भगत सिंह आदि के साथ मिलकर इन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया।

यशपाल यह मानते रहे कि समाज को उन्नत बनाने का एक ही रास्ता है। सामाजिक समानता के साथ-साथ आर्थिक समानता। यशपाल ने अपनी रचनाओं में हिंदी के अलावा उर्दू और अंगेज़ी शब्दों का भी बेहिचक प्रयोग किया है।

# पाठ प्रवेश

प्रस्तुत कहानी देश में फैले अंधविश्वासों और ऊँच-नीच के भेद-भाव को बेनकाब करते हुए यह बताती है कि दुःख की अनुभूति सभी को समान रूप से होती है। कहानी धनी लोगों की अमानवीयता और गरीबों की मजबूरी को भी पूरी गहराई से उजागर करती है। यह सही है कि दुःख सभी को तोड़ता है, दुःख में मातम मनाना हर कोई चाहता है, दुःख के क्षण से सामना होने पर सब अवश हो जाते हैं, पर इस देश में ऐसे भी अभागे लोग हैं जिन्हें न तो दुःख मनाने का अधिकार है, न अवकाश!

# पाठ आरम्भ

**मनुष्यों की पोशाकें उन्हें विभिन्न श्रेणियों में बाँट देती हैं। प्रायः पोशाक ही समाज में मनुष्य का अधिकार और उसका दरजा निश्चित करती है। वह हमारे लिए अनेक बंद दरवाज़े खोल देती है, परंतु कभी ऐसी भी परिस्थिति आ जाती है कि हम ज़रा नीचे झुककर समाज की निचली श्रेणियों की अनुभूति को समझना चाहते हैं। उस समय यह पोशाक ही बंधन और अड़चन बन जाती है। जैसे वायु की लहरें कटी हुई पतंग को सहसा भूमि पर नहीं गिर जाने देतीं, उसी तरह खास परिस्थितियो में हमारी पोशाक हमें झुक सकने से रोके रहती है।**

बाज़ार में, फुटपाथ पर कुछ खरबूजे डलिया में और कुछ ज़मीन पर बिक्री के लिए रखे जान पड़ते थे। खरबूजो के समीप एक अधेड़ उम्र की औरत बैठी रो रही थी। खरबूजे बिक्री के लिए थे, परंतु उन्हें खरीदने के लिए कोई कैसै आगे बढ़ता? खरबूजो को बेचने वाली तो कपडे से मुँह छिपाए सिर को घुटनों पर रखे फफक-फफककर रो रही थी।

उस स्त्री का रोना देखकर मन में एक व्यथा-सी उठी, पर उसके रोने का कारण जानने का उपाय क्या था? फुटपाथ पर उस के समीप बैठ सकने में मेरी पोशाक ही व्यवधान बन खड़ी हो गई। एक आदमी ने घृणा से एक तरफ थूकते हुए कहा, “क्या ज़माना है! जवान लड़ के को मरे पूरा दिन नहीं बीता और यह बेहया दुकान लगा के बैठी है।” दूसरे साहब अपनी दाढ़ी खुजाते हुए कह रहे थे, “अरे जैसी नीयत होती है अल्ला भी वैसी ही बरकत देता है।

सामने के फुटपाथ पर खड़े एक आदमी ने दियासलाई की तीली से कान खुजाते हुए कहा, “अरे, इन लोगों का क्या है? ये कमीने लोग रोटी के टुकड़े पर जान देते हैं। इन के लिए बेटा-बेटी, खसम-लुगाई, धर्म-ईमान सब रोटी का टुकड़ा है।” परचून की दुकान पर बैठे लाला जी ने कहा, “अरे भाई, उन के लिए मरे-जिए का कोई मतलब न हो, पर दूसरे के धर्म-ईमान का तो खयाल करना चाहिए! जवान बेटे के मरने पर तेरह दिन का सूतक होता है और वह यहाँ सड़क पर बाज़ार में आकर खरबूजे बेचने बैठ गई है। हज़ार आदमी आते-जाते हैं। कोई क्या जानता है कि इस के घर में सूतक है। कोई इस के खरबूजे खा ले तो उसका ईमान-धर्म कैसे रहेगा? क्या अँधेर है!”

पास-पड़ोस की दुकानों से पूछने पर पता लगा। उसका तेईस बरस का जवान लड़का था। घर में उसकी बहू और पोता-पोती हैं। लड़का शहर के पास डेढ़ बीघा भर शमीन में कछियारी करके परिवार का निर्वाह करता था। खरबूजो की डलिया बाज़ार में पहुँचाकर कभी लड़का स्वयं सौदे के पास बैठ जाता, कभी माँ बैठ जाती। लड़का परसों सुबह मुँह-अँधेरे बेलों में से पके खरबूजे चुन रहा था। गीली मेड़ की तरावट में विश्राम करते हुए एक साँप पर लड़के का पैर पड़ गया। साँप ने लड़के को डँस लिया।

## शब्दार्थ और टिप्पणियाँ

पोशाक - वस्त्रा, पहनावा
अनुभूति - एहसास
अड़चन - विघ्न, रुकावट, बाधा
अधेड़ - आधी उम्र का, ढलती उम्र का
व्यथा - पीड़ा, दुःख
व्यवधान - रुकावट, बाधा
बेहया - बेशर्म, निर्लज्ज
नीयत - इरादा, आशय
बरकत - वृद्धि, लाभ, सौभाग्य
खसम - पति
लुगाई - पत्नी
परचून की दुकान - आटा, चावल, दाल आदि की दुकान
सूतक - परिवार में किसी बच्चे के जन्म होने या किसी के मरने पर कुछ निश्चित समय तक परिवार के लोगो को न छूना, छूत
कछियारी - खेतों में तरकारियाँ बोना
निर्वाह - गुशारा
मेड़ - खेत के चारों ओर मिट्टी डालकर बनाया हुआ घेरा, दो खेतों के बीच की सीमा
तरावट - गीलापन, नमी, शीतलता, ठंडक
ओझा - झाड़- फूँक करने वाला
छन्नी - ककना - मामूली गहना, जेवर
सहूलियत - सुविधा

# Online Video Link for Study Material

https://youtu.be/V6um9kklF0M